दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 238 मुरादाबाद, 18 December 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 ' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार

### मां का शव लेकर 900KM सफर: 5000 रुपये के लिए कत्ल मामले में नया मोड़, गला दबाने से नहीं, ऐसे हुई प्रतिभा की मौत

हिसार में प्रतिभा देवी की मौत मामले में नया मोड़ आ गया है। प्रतिभा देवी की मौत गला दबाने से नहीं सिर में चोट लगने से हुई थी। मां की हत्या के बाद सूटकेस में शव लेकर संगम पहुंचने वाले युवक का मामले में पिता पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पिता ने कहा बेटा नाबालिग है। उन्होंने उसका हाईस्कूल का सर्टिफिकेट भी दिखाया।हरियाणा के हिसार में प्रतिभा देवी की मौत गला दबाने के कारण नहीं बल्कि सिर में घातक अंदरूनी चोट की वजह से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इस बात का खुलासा हुआ है। हालांकि, प्रतिभा के गले पर भी निशान मिले हैं लेकिन मौत का कारण सिर में चोट लगना बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि हो सकता कि गला दबाने के बाद हिमांशु ने प्रतिभा को धकेल दिया हो और गिरने के कारण सिर में चोट लगी। मां की हत्या करने वाले बेटे हिमांशु कुमार को पुलिस शुक्रवार को ही जेल भेज चुकी है। वहीं, शनिवार को प्रतिभा देवी के पति ओम प्रकाश पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि उनका बेटा नाबालिग है। उन्होंने दावे के समर्थन में बेटे का हाईस्कूल का सर्टिफिकेट भी दिखाया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि वह बालिग है। उसने अपने बयान में कहा है कि वह 20 साल का है। हरियाणा के हिसार स्थित आर्यनगर में किराये पर रहने वाली प्रतिभा देवी ( 45 ) की 13 दिसंबर को उनके बेटे हिमांशु ने हत्या कर दी थी। प्रतिभा के शव को वह सूटकेस में भरकर ट्रेन से प्रयागराज आ गया था। यहां पर संगम किनारे पुलिस ने चेकिंग के दौरान 14 दिसंबर की रात करीब ढाई बजे उसे पकड़ लिया और सूटकेस से शव बरामद होने के बाद पुलिस ने हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया था। उसने बयान दिया था कि उसने मां से पांच हजार रुपये मांगे थे। न देने पर उसका मां से झगड़ा हो गया। इसके बाद उसने गला दबाकर मां प्रतिभा देवी को मार दिया और शव लेकर प्रयागराज आ गया। यहां संगम पर शव प्रवाहित करने वाला था, इससे पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। हिमांशु के बयान के बाद दारागंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई

## पीएसी का 76वां स्थापना दिवस समारोह: सीएम योगी ने दिया आश्वासन - पदोन्नति की विसंगतियां जल्द करेंगे दूर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएसी के 76वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने अलग-अलग मौकों पर पीएसी द्वारा किए जाने वाले योगदान को लेकर चर्चा की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएसी के 76वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर पीएसी में पदोन्नति की विसंगतियों को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। इसके लिए गृह विभाग को निर्देश दिया जा चुका है। जल्द इसकी घोषणा होगी ताकि पीएसी बल का मनोबल बना रहे। उन्होंने कहा कि देश में कहीं भी उपद्रव या चुनाव हो तो पीएसी बल याद किया जाता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी और पीएसी के स्थापना दिवस का शताब्दी वर्ष एक साथ मनाया जाएगा, लिहाजा इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी जाएं। प्रदेश में पीएसी बल कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने में अहम योगदान दे रहा है। धार्मिक, सार्वजनिक कार्यक्रमों, विशिष्ट महानुभावों की सुरक्षा, यातायात ड्यूटी, यूपी 112, एसटीएफ, एटीएस, एसडीआरएफ में पीएसी बल उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।वर्ष 2001 में संसद पर हमला हो या फिर रामजन्मभूमि पर आतंकी हमला, पीएसी बल के जवानों ने अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए हमलावरों को ढेर किया। उनका यह योगदान इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा पहले की सरकारों में पीएसी बल को लेकर संकीर्ण सोच थी। उन्होंने 46 कंपनियों को समाप्त कर दिया था जिसे हमने पुनर्जीवित किया है। वर्तमान में पीएसी की 35 वाहिनियों में 273 कंपनियां पूरी तरह क्रियाशील हैं। पीएसी के 10,584 पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होगी। पीएसी कर्मियों के बच्चों ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 90 फीसद सफलता अर्जित की है। हम पुलिस मार्डन स्कूलों को नया फर्नीचर खरीदने के लिए धनराशि देने जा रहे हैं। इसके अलावा 31 वाहिनियों में प्रत्येक में 200 कर्मियों के लिए बहुमंजिला आवासीय इमारतों का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं डीजीपी विजय कुमार ने कहा कि पीएसी का गौरवशाली इतिहास रहा है। अंत में एडीजी पीएसी केएस प्रताप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## तीसरी पारी में भारत, टॉप-3 इकोनॉमी में जरूर शामिल होगा, प्रधानमंत्री बोले- ये मोदी की गारंटी है



सूरत का डायमंड सेंटर दुनिया की सबसे बड़ी ऑफिस बिल्डिंग है। जिसके चलते सूरत डायमंड बूर्स का नाम पहले ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने सूरत में एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग और डायमंड सेंटर का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 10 सालों में भारत 10वें नंबर की आर्थिक ताकत से ऊपर उठकर पांचवें नंबर पर पहुंचा है। अब मोदी ने देश को गारंटी दी है कि अपनी तीसरी पार्टी में भारत, दुनिया की टॉप-3 इकोनॉमी में जरूर शामिल होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सूरत को एक समय सूरज का शहर कहा जाता था लेकिन यहां के लोगों ने अपनी कड़ी मेहनत से इसे हीरों का शहर और सिल्क का शहर बना दिया है। आज सूरत लाखों युवाओं के लिए सपनों का शहर है और अब सूरत आईटी के क्षेत्र में भी तरक्की कर रहा है। सूरत के लोग मोदी की गारंटी पहले से जानते हैं प्रधानमंत्री ने कहा, आजकल आप सभी मोदी की गारंटी की चर्चा खूब सुनते होंगे। हाल में जो चुनाव नतीजे आए, उसके बाद ये चर्चा और बढ़ गई है, लेकिन सूरत के लोग तो मोदी की गारंटी को बहुत पहले से जानते हैं। यहां के मेहनती लोगों ने मोदी की गारंटी को सच्चाई में बदलते देखा है और इस गारंटी का उदाहरण ये %सूरत डायमंड बुर्स भी है। सूरत डायमंड बूर्स भारतीय डिजाइनर्स की क्षमताओं, भारतीय मैटीरियल और भारतीय कॉन्सेप्ट को दर्शाता है। यह बिल्डिंग नए भारत की ताकत का उदाहरण है।% प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर माहौल भारत के पक्ष में है। आज पूरी दुनिया में भारत की साख बुलंदी पर है। दुनियाभर में भारत की चर्चा हो रही है। अब एक सशक्त ब्रांड बन चुका है। इसलिए मैं आप सभी से कहूंगा...संकल्प लीजिए और इसे सिद्ध कीजिए। आज सूरत दौरे पर हैं पीएम मोदी- बता दें कि पीएम मोदी आज सूरत दौरे पर हैं, जहां उन्होंने शहर को दोहरी सौगात दी। पीएम मोदी ने रविवार को सूरत एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी सूरत के डायमंड सेंटर पहुंचे और उसका उद्घाटन किया। इस दौरान राज्य के सीएम भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। बता दें कि सूरत का डायमंड बोर्स दुनिया का सबसे बड़ा और आधुनिक अंतरराष्ट्रीय डायमंड और ज्वैलरी बिजनेस केंद्र है। यह कच्चे और पॉलिस हीरों के व्यापार का वैश्विक केंद्र होगा। इस सेंटर में ही आयात-निर्यात के लिए कस्टम क्लीयरेंस हाउस बनाया गया है। साथ ही इसमें रिटेल ज्वैलरी के लिए मॉल और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग केंद्र जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।सूरत एयरपोर्ट पर बढ़ीं सुविधाएं बता दें कि बीते शुक्रवार को ही पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सूरत एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। जिसके बाद सूरत एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को दर्जा मिल गया। अब रविवार को सूरत एयरपोर्ट से एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान दुबई के लिए उड़ान भरेगा। नई टर्मिनल बिल्डिंग के उद्घाटन के बाद इस एयरपोर्ट पर 1800 यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। नए टर्मिनल के भीतर गुजरात और सूरत शहर की संस्कृति से संबंधित चित्र दर्शाए गए हैं। इस परियोजना की कुल लागत 353.25 करोड़ रुपये है। एयरपोर्ट में एक नई पार्किंग भी बनाई गई है। डायमंड बूर्स दुनिया की सबसे बड़ी ऑफिस बिल्डिंग- वहीं सूरत का डायमंड सेंटर दुनिया की सबसे बड़ी ऑफिस बिल्डिंग है। जिसके चलते सूरत डायमंड बूर्स का नाम पहले ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो चुका है।

यह बिल्डिंग 67 लाख स्कवायर फीट में बनी है और इसे बनाने में करीब 3500 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इस बिल्डिंग में एक साथ 4500 डायमंड ट्रेडिंग ऑफिस काम कर सकते हैं। इस पूरी इमारत में 15-15 फ्लोर के 9 टावर बनाए गए हैं, जिनमें 300 स्कवायर फीट से लेकर एक लाख स्कवायर फीट तक के ऑफिस स्पेस बनाए गए हैं। डायमंड बूर्स को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल से प्लैटिनम रेटिंग भी मिली है।

## उपराष्ट्रपति ने स्वास्थ्य मेले का किया शुभारंभ: बोले - स्वास्थ्य तभी अच्छा रहेगा जब शासन व्यवस्था ठीक रहेगी



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को लखनऊ में अटल स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया। उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए शहर में पहले से ही डायवर्जन लागू कर दिया गया था।स्वास्थ्य तभी अच्छा रहेगा जब शासन व्यवस्था ठीक रहेगी। स्वास्थ्य पर सबसे अधिक कुठाराघात भ्रष्टाचार की वजह से पड़ता है। भ्रष्टाचारी बीमारी बढ़ाता है लेकिन अब भ्रष्टाचारियों की खैर नहीं है। मौजूद समय में जो भी भ्रष्टाचार करता है कानून का शिकंजा उस तक पहुंच ही जाता है। भ्रष्टाचार करने वाला चाहे जितने बड़े परिवार अथवा नाम का हो कानून सबके लिए बराबर काम कर रहा है।यह बातें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को राजाजीपुरम स्थित पीएनटी ग्राउंड पर दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले के उद्घाटन अवसर पर कहीं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में राजाजीपुरम स्थित पीएनटी ग्राउंड पर दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेला आज से शुरू हुआ है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि स्वस्थ जीवन ही जीवन है। आपके पास एक ही विकल्प है स्वस्थ रहना। माया का सुख भी तभी मिलेगा, जब निरोगी काया होगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि एक समय था जब आम जनता को दिल्ली से चलने वाला पैसा पूरा नहीं मिलता था लेकिन आज के समय में 100 प्रतिशत मिल रहा है। अटल जी की जो आकांक्षा और भावनाएं थीं वह आज पूरी हो रही हैं। अटल जी होते तो देखते कि उनका सपना सार्थक हो रहा है। आज भारत किसी के दृष्टिकोण का मोहताज नहीं है, हमारा देश पूरी दुनिया को दिशा दे रहा है। एक समय था कि स्वास्थ्य के मामले में हमने अंग्रेजियत को अपना लिया था लेकिन मौजूदा सरकार ने आयुष मंत्रालय का गठन कर हमें अपनी पुरानी पद्धति को अपनाने का अवसर दिया है। अटल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन कर उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह मेरे लिए भावुक पल है। मुझे अटल जी का सानिध्य मिला है। सैद्धान्तिक मुद्दों पर अटल जी अटल थे। आज अटल जी होते तो देखते कि आज का भारत दुनिया के शिखर पर जा रहा है। आज भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है।

### प्रतिभा तभी काम आयेगी जब स्वास्थ्य अच्छा होगा

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत दुनिया में तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है। इसके लिए सबका स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा कितनी भी अच्छी हो लेकिन स्वास्थ्य अच्छा नहीं होता तो कुछ भी नहीं कर पायेंगे। इसलिए स्वस्थ रहना ही हमारे पास एकमात्र विकल्प है। इस पर भी सोचना होगा कि हम बीमार ही न पड़ें। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को लेकर उपराष्ट्रपति ने कहा जब उनसे मुलाकात होती है तो उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करता हूं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के काम की भी उपराष्ट्रपति ने तारीफ की।

## सहकारी बैंक की स्वर्ण जयंती: 'कमजोर वर्ग का भी रखें ध्यान, सशक्त बनाने में करें सहयोग', RSS प्रमुख ने दी राय



एक कार्यक्रम में आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि बैंकों को सभी आर्थिक मापदंडों को बनाए रखते हुए सामाजिक विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए।महाराष्ट्र के थाणे जिले के कल्याण क्षेत्र में कल्याण जनता सहकारी बैंक के स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इस समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शिरकत की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि बैंकों को कमजोर वर्गों की जरूरतों को पहचानना होगा। साथ ही उन्हें सशक्त बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कमजोर वर्गों की वित्तीय समृद्धि ही बैंक का आधार है। बैंकों को सभी आर्थिक मापदंडों को बनाए रखते हुए सामाजिक विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए। कल्याण जनता सहकारी बैंक के स्वर्ण जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम में मोहन भागवत ने कहा कि कमजोर वर्गों की जरूरतों की पहचान करना और उन्हें सशक्त करना बैंकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बैंक का स्वर्ण जयंती समारोह पिछले साल केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में शुरू किया गया था। साथ ही कहा कि कल्याण जनता सहकारी बैंक की स्वर्ण जयंती का अर्थ है कि ध्यान देना होगा

कि संगठन भविष्य में ज्यादा गतिशील रूप से कैसे चले और जरूरतमंद लोगों को इससे अधिक से अधिक फायदा पहुंच सकें। बीते एक सप्ताह पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस )प्रमुख मोहन भागवत जालंधर में अपने तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने संघ से जुड़े लोगों का साथ बैठक की थी। जिसमें पड़ोसी राज्य हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर के प्रचारकों के साथ कई विषयों पर भी चर्चा की गई। वहीं तीन दिसंबर को नागपुर में एक धर्मार्थ ट्रस्ट सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शिरकत की थी। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा शोधकर्ताओं, डॉक्टरों, वैज्ञानिकों को संबोधित किया था। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, देश में विकास ने अच्छी गति पकड़ ली है। यह गति सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

## संपादकीय Editorial

# Are they 'terrorist infiltrators'

Are those who infiltrated the Lok Sabha terrorists? This question is also important because the government lawyer has made such allegations in the court. Delhi Police also suspects that the infiltrators may have a role in some terrorist conspiracy. The findings of the investigation may clarify if they are somehow linked to terrorism. It is also a sensitive situation that the alleged terrorists have reached the auditorium of the Parliament and jumped into the Lok Sabha proceedings, disrupting the security arrangements. Has the path been cleared for other terrorists? Terrorism has no definite face. Only someone's activities and intrusive acts point towards terrorism. Since the police and investigating agencies have registered a case against the Parliament intruders under sections 16 and 18 of the 'Anti-Terrorism Act' (UAPA), sections of criminal conspiracy, subversion, rioting and obstruction of public servants have also been invoked. have been imposed, so prima facie it seems to be a case of terrorism. Decisions cannot be taken based on the occupation, education and background of the accused. UAPA is the harshest law, punishable with death or life imprisonment. Under this, even bail is almost impossible. At present the court has given remand of 7 days, extension of which is part of the process. The question is that if the accused infiltrators are terrorists, then which organization are they associated with? On whose conspiracy did he adopt an aggressive stance like jumping into the Lok Sabha and creating smoke? If for the last one and a half year they were discussing the conspiracy to enter the Parliament and create a sensation or create sensation and were meeting in different cities of the country, then who was bearing their expenses? Who was funding them? There are many questions and they will definitely be explored during the investigation, but they cannot be considered as 'poor', 'unemployed' and 'misguided youth'. Even when terrorism and jihad were at their peak in Kashmir, young terrorists were termed as 'misguided', but that terrorism alone had snatched away about 45,000 lives. We are not even discussing terrorism or extremism in Punjab and the North-East. If the opposition defends these infiltrators by giving such adjectives and advocates forgiveness, then definitely terrorism can never end in the country. Lakhs and crores of youth in the country are unemployed and the average family is facing the brunt of inflation, so this does not mean that they should attack the Parliament itself! Certainly these are national problems, but infiltrating Parliament is a heinous crime. However, all the accused are associated with 'Bhagat Singh Fan Club' and 'Netaji Subhash Chandra Bose' groups on social media.Rather, he has developed the courage to become such a revolutionary. By portraying our great freedom fighters as 'extremist Naxals' they have committed another crime. Now we have our own democratic power in the country, not the British. Then on whom is 'smoke can' or 'bomb' or 'grenade' being used? If you are against the policies of Prime Minister Modi, then elections are coming. A mandate can be given against him, but a conspiracy against Parliament is not acceptable. Playing petty politics on this issue and in turn suspending 13 Lok Sabha MPs is not good parliamentary conduct. Of course, not only the Home Minister, the Prime Minister of the country should give a statement in the Parliament that the country and its Parliament are safe. Security of Parliament should be the top priority.

# Jharokha: Memory of fifty-two years old 'Vijay' and the thrill of liberation of Bangladesh

In the year 1971, the Pakistani Army had massacred the citizens of the eastern part of its own country, due to which India was struggling with the problems of 65 lakh refugees fleeing from there. This massacre in East Pakistan has been considered the most gruesome in the dark history of human cruelty. Writing these lines, I can imagine what a thrill it will be to stand on the soil of Bangladesh and celebrate its Liberation and Victory Day on December 16, 2023. Will feel. I was also a part of India's national efforts for the liberation of Bangladesh from the brutal Pakistani rule. On the night of March 25, 1971, the Pakistani Army started wreaking havoc on the citizens of the eastern part of its own country. Thousands of people were shot, bombed and burned in Dhaka alone. By July 1971, India was grappling with the problems of 65 lakh refugees fleeing the genocide. In the dark history of human cruelty, this massacre in East Pakistan has perhaps been considered more bloody and gruesome than that of Bosnia and Rwanda. India could no longer ignore this massacre. He had to intervene for purely humanitarian reasons. It was necessary to save itself from the clutches of severe emotional and economic burden placed on its citizens. The only solution to this humanitarian tragedy before the Indian government was a military operation. The then Indian Prime Minister Indira Gandhi had a meeting with Army Chief General Sam Manekshaw (later Field Marshal) and then military planners made their plans. The 'Mukti Bahini' was supported by India in April 1971 as the freedom fighters of Bangladesh, which was a prelude to the military action on December 4, 1971. But before this, on December 3, Pakistan had carried out air strikes on Indian targets in the areas of Western India and had declared war against us. This war lasted till December 16, 1971, in which about 93,000 soldiers of the Pakistani Army laid down their arms and surrendered to the Indian Army. This is how Bangladesh came into existence. The war of 1971 came as a challenge for me. I was a young flight lieutenant in the Indian Air Force and was a member of 106 Squadron. We were trained specialists flying Canberra reconnaissance aircraft, whose job was to photograph enemy strategic targets. On December 4, we were resting in the officers' mess, when late in the evening we were asked to come to the squadron. We all gathered in the office of Flight Commander Squadron Leader Charanjit Singh. Our Commanding Officer, Wing Commander Ramesh Benegal, reported that the Bomber Force was looking for a group of crews to bomb Sargodha, an important Pakistani Air Force base in West Pakistan, and needed volunteers. We all raised our right hands, although despite serving for three years, I had never even looked inside a bomber, leave alone flying a bomber. Under normal circumstances there would have been a few weeks of refresher orientation before being sent on this mission, but here there was only 20 minutes before the mission began. Benegal immediately designated Flight Lieutenant Mohinder Sindhu as the pilot and me as the navigator. We had to drop 8,000 pounds of bombs on Sargodha air base in West Pakistan during midnight, which we accomplished with precision. But after that the doors of the bomber were not closing. Because of this, while the speed of the aircraft decreased in enemy territory, fuel consumption reached dangerous limits. We struggled with this for about 15 minutes and during this time we had to face anti-aircraft fire. The other option was that we would have remained at altitude and been shot down by fighter planes. To save fuel and take advantage of the westerly winds we climbed to about 45,000 feet in friendly terrain. But due to running out of fuel, we lost one engine while landing. Similarly, we ran many campaigns. We were on a photography mission on December 8, when we reached the launching airfield in Guwahati, with barely time to refuel. It was important for us to reach our first objective at Cox's Bazar by 2 o'clock in order to keep pace with the Indian Naval action. And so we had to fly fast, so that the plane could reach safely on time. This kind of flight consumes a lot of fuel. We had to enter East Pakistan from Aizawl (Mizoram) to take photographs. As we moved forward rapidly, our aircraft was attacked. But we dived again, regardless of ground attack, and then proceeded towards Chittagong port and airport, where another similar photo was to be taken. Some distance away from the airfield we climbed up through smoke rising from a fuel storage tank, which had probably been attacked by Group Captain Shamsul Alam. He formed Bangladesh Air Force with the help of Indian Air Force. With only a few minutes of fuel left, we were down. Similarly, the photo mission on 13th December was really adventurous when we had to extinguish the fire in the battery compartment. We took pictures of the Dhaka campus and took off on time despite the decreasing light. There was a lot of pressure on us, and we had to go straight to Delhi. But when we reached near Delhi, it was night. The most serious thing was that during the journey beyond Dhaka our actual speed had dropped to one third. this west The winds were a remarkable experience. As a result, when we went too far beyond the planned flight plan at Palam, our aircraft was declared an enemy aircraft in our own country. But we survived to tell the tale. Those photographs proved very useful for the attack on Dhaka. Benegal received Mahavir Chakra and Charanjit received Vir Chakra for bravery. Shamsul Alam was awarded Bir Uttam by the Government of Bangladesh. His memories are still in our hearts.

# Issue: Why is Bihar still backward? Supply of workforce can change the situation.

To take Bihar out of the cycle of poverty and backwardness, adequate appointment of teachers, health workers and police personnel is necessary. There are huge vacancies in health and education sectors in Bihar. In such a situation, not only is there little possibility of improvement in the quality of health care and education, but it also cannot provide much employment. Recently an investment summit was held in Bihar. Despite this, there is little possibility of investment increasing there. In my research as director of the Bihar Employment Report team, I found that the operation of organized crime is one of the reasons for the migration of industries from Bihar. In such a situation, it is necessary to have adequate policemen there. By the year 2022, the total employment of the state government in Bihar, including permanent and contractual employees, was close to 4.5 lakh. Of these, about 85 per cent are from three sectors – schools and higher education, health and police. Bihar's government school system, like other states, is the state government's largest employer. Till financial year 2012, there were four lakh teachers in government schools of Bihar, out of which about 3.5 lakh teachers were on contract. This gave a student-teacher ratio (PTR) of 55.28, which is significantly higher than states like Uttar Pradesh (33), Maharashtra (30.40), West Bengal (34.88), Karnataka (28.69) and Tamil Nadu (24.52). Bihar needed more than 3.38 lakh government school teachers in FY22 to meet the PTR benchmark of 30 set by the National Education Policy (NEP). In higher education, the number of sanctioned vacancies was close to 22,000 with over 13,500 teaching and over 8,000 non-teaching posts by the start of 2022. This number has increased in recent years. Bihar's higher education PTR is 60, while the all India figure was 24. Unlike school education, employment in higher educational institutions of Bihar government has not revived. Bihar's public healthcare system was exposed during Covid-19. The World Health Organization has set a standard of one doctor per 1,000 people. But in Bihar there is one government doctor for every 22,000 people. The Rural Health Statistics report for the year 2021-22 put the sanctioned vacancies in Bihar at more than 58,400 and the total shortfall based on the Indian Public Health Standards benchmark at more than 64,300. On the other hand, as per the 2021-22 Bihar Health Society report, the number of sanctioned vacancies is around 38,000. There does not seem to be any effort to fill the vacancies in health services. The third major recruiter in Bihar government is Bihar Police. The United Nations sets a minimum of 222 policemen per 1 lakh population. But to meet the UN standards, Bihar Police needed an additional 1.82 lakh employees by January 1, 2022. Whereas the total working strength of Bihar Police is 1.43 lakh.

By the middle of the year 2023, there were 75 thousand sanctioned vacancies in the police force. The result of this decades of gross neglect is that Bihar has the highest number of crimes related to land and property in the country, while Bihar ranks second in murder, attempt to murder, rape and crimes against Dalits (National Crime Records Bureau, 2021 ). However, by the end of 2022, about 10,500 policemen have been hired at one time and recruitment of another 22,650 is already underway. Yet, based on national and international standards, the total workforce shortage in the above three sectors in Bihar was around six lakh by 2022, while the sanctioned vacancies were more than 3.75 lakh. This has kept the quality of public service delivery in Bihar at a low level for decades. Adequate recruitment of teachers, health workers and police personnel is necessary to bring the state out of the cycle of poverty and backwardness.Bihar needed more than 3.38 lakh government school teachers in FY22 to meet the PTR benchmark of 30 set by the National Education Policy (NEP). In higher education, the number of sanctioned vacancies was close to 22,000 with over 13,500 teaching and over 8,000 non-teaching posts by the start of 2022. This number has increased in recent years. Bihar's higher education PTR is 60, while the all India figure was 24. Unlike school education, employment in higher educational institutions of Bihar government has not revived. Bihar's public healthcare system was exposed during Covid-19.

The World Health Organization has set a standard of one doctor per 1,000 people. But in Bihar there is one government doctor for every 22,000 people. The Rural Health Statistics report for the year 2021-22 put the sanctioned vacancies in Bihar at more than 58,400 and the total shortfall based on the Indian Public Health Standards benchmark at more than 64,300. On the other hand, as per the 2021-22 Bihar Health Society report, the number of sanctioned vacancies is around 38,000. There does not seem to be any effort to fill the vacancies in health services. The third major recruiter in Bihar government is Bihar Police. The United Nations sets a minimum of 222 policemen per 1 lakh population. But to meet the UN standards, Bihar Police needed an additional 1.82 lakh employees by January 1, 2022.

# प्रदेश में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस निकाल रही यूपी जोड़ो यात्रा



मुरादाबाद- यूपी जोड़ो यात्रा को लेकर बैठक में जानकारी देते पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक संजय कपूर, साथ में जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा व अन्य। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि देश व प्रदेश में लोकतांत्रिक मूल्य खतरे में है। अराजकता का माहौल है। इसे देखते हुए राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली।

इसी प्रकार अब कांग्रेस यूपी में लोकतंत्र की रक्षा के लिए यूपी जोड़ो यात्रा निकाल रही है। पूर्व विधायक संजय कपूर डिप्टी गंज स्थित एक बैंक्वेट हाल में इस यात्रा की सफलता के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देकर यात्रा को सफल बनाने के लिए आह्वान करने के लिए आयोजित बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सहारनपुर से 20 दिसंबर को यूपी जोड़ो यात्रा शुरू होगी। जो 25 को मुरादाबाद पहुंचेगी। यहां से होकर आगे बढ़ेगी और लखनऊ तक जाएगी। जहां इसका समापन होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के मार्गदर्शन में यह यात्रा निकाली जा रही है।

इससे आमजन भी जुड़ेंगे। यात्रा के लिए उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को पूरे मनोयोग से जुड़ने के लिए कहा। उन्होंने जिले के पदाधिकारियों को यात्रा के उद्देश्य को जनता को बताकर इसमें उनकी सहभागिता सुनिश्चित कराकर यूपी जोड़ो यात्रा को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए जुट जाने का आह्वान किया। कांग्रेस के नेताओं के आपसी मतभेद के सवाल पर कहा कि यह आंतरिक मामला है। किसी को शिकायत होगी तो दूर करा लिया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा, पूर्व अध्यक्ष देशराज शर्मा, भयंकर सिंह बौद्ध, राजेंद्र वाल्मीकि के अलावा जिला, महानगर व विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महाजन कांप्लेक्स बिक्री में जालसाजी कर 1.48 करोड़ की ठगी, मां-बेटे पर रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद- बुद्ध बाजार में मानपुर चौराहे पर स्थित महाजन कांप्लेक्स के मालिक मां-बेटे के विरुद्ध 1.48 करोड़ रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि इन लोगों ने कांप्लेक्स बिक्री के मामले में धोखाधड़ी कर पीड़ित पक्ष से जालसाजी की है। फिलहाल, इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली नगर में आरोपी मां-बेटे के विरुद्ध धोखाधड़ी एवं जालसाजी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई है। इसमें प्रवीन महाजन व उनके बेटे नितिन महाजन नामजद हुए हैं। ये लोग बुद्ध बाजार चौराहा महाजन कांप्लेक्स के रहने वाले हैं। पीड़ित पक्ष के गुरजीत सिंह चढ्डा सिविल लाइन के रहने वाले हैं। गुरजीत सिंह चढ्डा के मामले में एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरजीत ने पुलिस को बताया है कि बुद्ध बाजार में मुहल्ला मानपुर चौराहा पर स्थित महाजन कांप्लेक्स (रकबा 109.38 वर्ग मीटर) को बेचने का सौदा सुभाष चंद्र महाजन से उनका हुआ था। यह सौदा 1.50 करोड़ रुपये में तय था। महाजन कांप्लेक्स के मालिक सुभाष चंद्र आरोपी




प्रवीन महाजन के पति हैं। महाजन कांप्लेक्स बिक्री का सौदा गुरजीत की फर्म चढ्डा बिल्डर्स एंड प्रापर्टी से 19 अक्टूबर 2020 को हुआ था। इसके मुताबिक, सुभाष चंद्र महाजन ने उनसे 40 लाख रुपये बतौर बयाना ले भी लिए थे। और उप निबंधक प्रथम कार्यालय में 22 अक्टूबर 2020 को रजिस्ट्री पंजीकृत हुई थी। इसमें सुभाष चंद्र का बेटा नितिन महाजन भी गवाह बना था। फिर सुभाष चंद्र महाजन धीरे-धीरे कर गुरजीत सिंह से 1.48 करोड़ 6,000 रुपये ले लिए लेकिन, उनके कहने पर भी महाजन कांप्लेक्स की रजिस्ट्री नहीं कराई। इसके बाद 7 फरवरी 2023 को सुभाष चंद्र महाजन की मृत्यु हो गई। आरोप है कि सुभाष की मौत के बाद उनके बेटे नितिन व पत्नी प्रवीन महाजन ने 26 मई व 5 जून की तिथियों में दो विक्रय पत्र के आधार पर अन्य को बेच दिया है। पता चलने पर गुरजीत सिंह चढ्डा प्रवीन महाजन व उनके बेटे नितिन से मिले तो ये लोग मारपीट पर उतारू हो गए। गुरजीत सिंह ने यह भी बताया है कि इस मामले में वह पूर्व में कोतवाली नगर और क्षेत्राधिकारी पुलिस के पास कई बार शिकायत लेकर गए, लेकिन कोई हल नहीं निकल पाया था। जिस पर उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मामले में उचित कार्रवाई के लिए गुहार लगाई थी।

## विवेचना में मालूम होगी सच्चाई, मांगे हैं दस्तावेज

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऊषा मलिक ने बताया कि पीड़ित पक्ष के गुरजीत सिंह चढ्डा की तरफ से अभी शनिवार शाम को ही एफआईआर लिखाई गई है। अब इस मामले में विवेचना की जाएगी। अभी तो पीड़ित पक्ष के आरोप हैं, जिनके आधार पर हम उनसे दस्तावेज लेंगे, इनकी जांच के बाद ही पता चलेगा कि आरोपों में कितनी सच्चाई है। मामलें में संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए पीड़ित पक्ष को निर्देश जारी किए गए हैं।

# जिगर कॉलोनी में खतरनाक स्तर पर पहुंचा प्रदूषण, सूचकांक 346 प्रतिघन मीटर



मुरादाबाद- महानगर के जिगर कालोनी में रविवार को वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक रेड जोन में 346 प्रतिघन मीटर रहा। जो सर्वाधिक खराब मानक है। वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने में महानगर की सड़कों पर उड़ रही धूल और वाहनों से निकलने वाले धुएं को माना जा रहा है। जिगर कालोनी में वायु प्रदूषण बढ़ने से इस क्षेत्र के लोगों को परेशानी हुई। क्षेत्र में जगह जगह कूड़ा भी प्रदूषण को बढ़ा रहा है। हालांकि दिल्ली रोड पर ईको हर्बल पार्क, ट्रांसपोर्ट नगर में प्रदूषण अपेक्षाकृत कम रहा। ईको हर्बल पार्क में वायु गुणवत्ता सूचकांक 193, कांशीराम नगर में 180, बुद्धि विहार में 138 और ट्रासपोर्ट नगर में 165 पीजीएम रहा। इन क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर यलो जोन में रहा। नगर निगम के पर्यावरण अभियंता अभिषेक कुमार का कहना है कि जो क्षेत्र अधिक प्रदूषित होता है वहां स्प्रिंकलर मशीन से सड़कों पर पानी का छिड़काव कराते हैं।

# मुरादाबाद की डीटीआई भी निजी कंपनी को सौंपने की तैयारी




मुरादाबाद-सड़क सुरक्षा के मद्देनजर राज्य सरकार के संकल्पों में यहां ड्राइविंग टेस्टिंग एवं ट्रेनिंग संस्थान का संचालन निजी हाथों में जाने वाला है। इसके बाद यहां ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षा टेस्ट निजी संस्थान कराएगा। यह कार्य अधिकतम एक साल के भीतर हो जाना है। प्रदेश के पांच मंडलों में इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। अब जिन मंडलों में यह प्रक्रिया अपनाई जाने वाली है, उसमें मुरादाबाद भी शामिल है। राज्य के गोरखपुर, मथुरा, अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज में मारुति सुजुकी कंपनी ने इस कार्य का ठेका लिया है। जबकि, प्रदेश के 58 जिलों में ड्राइविंग टेस्टिंग एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (डीटीटीआई) विभाग के बदले नियम के अनुसार संचालित होने वाले हैं। ऐसा करके सरकार सड़क सुरक्षा यानी कि सड़क परिवहन को बेहतर करने का प्रयास करेगी। वाहन चलाने के नियमों की बेहतर जानकारी होने के बाद हादसे कम होंगे। इस कदम से सरकार परिवहन सेवा में गुणात्मक सुधार का दावा कर रही है। विभाग का मानना है कि ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड ट्रेनिंग की व्यवस्था में गुणात्मक बदलाव के बाद ही बेहतर सड़क सुरक्षा संभव है। वाहनों को चलाने का सही नियम समझने के बाद लोग सुरक्षित यात्रा करे सकेंगे। नियमानुसार वाहन चलाने के जरूरी नियमों की जानकारी होने के बाद सरकार का सड़क पर सुरक्षित यात्रा का नारा प्रभावी हो सकेगा। सूत्रों की मानें तो शाहजहांपुर, गौमतबुद्धनगर, गाजियाबाद, गाजीपुर, रामपुर, बुलंदशहर, लखनऊ, फिरोजाबाद, आगरा, सोनभद्र, बागपत, देवरिया, हरदोई, पीलीभीत, बिजनौर, उरई, जौनपुर में नई व्यवस्था लागू होनी है। इन क्षेत्रों से 30 कंपनियों ने सरकार से यह कार्य मांगा है जिसमें, 24 आवेदनों पर विभागीय अधिकारी विचार भी कर चुके हैं। उधर, रायबरेली में इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर) का पूरा कार्य हो गया है। इस कार्य के लिए कर्मचारी, निरीक्षक और तकनीकी शिक्षक खोज लिए गए हैं। टेस्टिंग ट्रैक का परीक्षण जारी है। इसी साल के अंत तक यह केंद्र निजी कंपनियों के प्रबंध के तहत कार्य प्रारंभ कर देगा। संभागीय निरीक्षक, प्राविधिक (आरआई-टी) हरिओम का कहना है कि ड्राइविंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट (डीटीआई) को लेकर सकार की मंशा साफ है। राज्य के गोरखपुर, मथुरा, अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज का संचालन निजी हाथों को सौंपा जा चुका है। मुरादाबाद सहित प्रमुख जिलों में ड्राइविंग टेस्टिंग का कार्य निजी कंपनियों को दिया जाना है क्योंकि, यह कार्य पूरी तरह से तकनीक आधारित है। एक साल के अंदर ड्राइविंग टेस्टिंग एवं ट्रेनिंग का आटोमेशन प्राइवेट हाथों को सौंप दिया जाएगा।

# हमारी भी सुने सरकार, बुढ़ापे को बोझ बनने से बचाया जाए

मुरादाबाद-सरकार ही सबके विषय में सोच सकती है। बदलते दौर में कई सामाजिक थपेड़े अधिक उम्र झेल रही है। परिवारों के व्यवहार बदल रहे हैं। कुछ सालों तक रेलवे में वरिष्ठ नागरिक (सीनियर सिटीजन) के नाम से कुछ सुविधाएं मिलती थीं, वह अब बंद हो गयीं हैं। अधिक उम्र के वाहन, अधिक उम्र में बीमा न होने के नियम और सामाजिक सुरक्षा के घटते दायरे से अधिक उम्र के लोगों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। दैनिक अमृत विचार ने बदलते परिवेश में वरिष्ठ नागरिकों की सामाजिक स्थिति और सरकार के बदलते व्यवहार को केंद्रित कर विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से बातचीत की।



## सरकार वरिष्ठ नागरिकों के प्रति असंवेदनशील

रेलवे के सेवानिवृत अधिकारी महेंद्र प्रताप चौबे कहते हैं कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों के प्रति असंवेदनशील है। जिससे लोगों में गुस्सा भी है। कहते हैं हम नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। हमारी संगठन की बैठकों में इस बात की हर बार चर्चा होती है कि सरकार सभी के हित की बात तो करती है, लेकिन अधिक उम्र के लोगों से हाथ खींचती जा रही है। कोरोना काल में रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों को टिकट के लिए प्राथमिकता मिलनी बंद हुई, उसके बाद से शुरू नहीं हुई।

## सामाजिक सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी

उत्तर प्रदेश रोडवेज इम्पलाइज यूनियन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और सेवानिवृत राज्यकर्मी जगवीर सिंह यादव कहते हैं कि यह बड़ी उपेक्षा है। 60 साल के बाद आदमी की जिंदगी में और असुरक्षा बढ़ जाती है। परिवार ने अगर साथ नहीं दिया तो जिंदगी खराब हो जा रही है। अधिक उम्र के लोगों को तो सरकार को और सुरक्षा देनी चाहिए। मेरा आरोप है कि सरकार सभी के साथ और विकास का ऐलान तो कर रही है लेकिन, कई जगह चूक भी जा रही है। ताजा उदाहरण अधिक उम्र के लोग ही हैं।

## अधिक उम्र में नहीं दिया जा रहा बीमा का लाभ

खेती-किसानी करने वालों के लिए लंबे समय से संघर्ष करने वाले 68 वर्षीय का. कासिम अली कहते हैं कि सरकारों को केवल अपनी सूझती है। सच तो यह है कि अधिक उम्र का आदमी कतिपय लोगों और परिवारों को बोझ लगने लगता है। अनाथालय और वृद्धाश्रम इस बात के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। ऐसे में सरकार अगर चिंता नहीं करेगी तो कौन करेगा? अधिक उम्र में बीमा का लाभ नहीं दिया जाता है। सरकार को इस विषय पर गंभीरता से सोचना चाहिए। इस तरह की सुरक्षा सरकार की ही जिम्मेदारी होनी चाहिए।

## बुजुर्गों के कल्याण की योजनाएं चलाए सरकार

कटघर क्षेत्र के इंद्रा कालोनी की कामकाजी उर्मिला कहती हैं कि उम्र अधिक होने के साथ शरीर की दिक्कतें भी बढ़ती जातीं हैं। सरकार में कामकाजी लोगों की परेशानी अधिक है। कम पढ़े लिखे और निरक्षरों का तो जीना ही दुश्वार हो जा रहा है। सरकार को चाहिए कि जिस तरह युवा और अन्य वर्ग के जीवन के लिए सोच रही है, उसी तरह से अधिक उम्र वालों को अधिक से अधिक सुविधा दे। सरकार से मांग है कि अधिक उम्र के लोगों के लिए योजनाएं चलाए।

# पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, बरेली विभाग एक दिवसीय अभ्यास वर्ग रविवार को केशव कृपा कार्यालय, रामपुर गार्डन में हुआ सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।अभ्यास वर्ग का उद्घाटन विभाग प्रचारक धर्मेंद्र जी एवं जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री पाठक द्वारा किस प्रकार के पौधे जो कि पर्यावरण संरक्षण में अति महत्वपूर्ण हैं बताया उन्होंने कहा की लंबी उम्र की प्रजाति के पेड़ों को लगाना चाहिए। धर्मेंद्र जी ने विवाह समारोह एवं अन्य अवसरों पर पर्यावरण अनुकूल डिस्पोजल एवं अन्य वस्तुओं का उपयोग करने की बात कही। उन्होंने प्लास्टिक के कम से कम उपयोग और सिंगल यूज प्लास्टिक से इको ब्रिक प्रत्येक को बनाने की अपील की। गतिविधि के विभाग प्रमुख देवेश ने पर्यावरण गतिविधि का परिचय दिया। पर्यावरण गतिविधि के शिक्षण संस्थान के विषय में डॉक्टर गौरव



अग्रवाल, धार्मिक संस्थान के विषय में मनोज बाजपेई, नारी शक्ति संस्थान के विषय में रचना सक्सेना, स्वयंसेवी संस्थान के विषय में मोहित शर्मा और तीन आयामों पेड़ आयाम के विषय में सुदीप अग्रवाल, पानी आयाम के विषय में राजीव शर्मा, पॉलिथीन आयाम के विषय में डॉ चंचल श्रीवास्तव ने जानकारी दी। मनोज मेहरा ने इको ब्रिक कैसे बनाई जाती है, इसके बारे में बताया. धीरेंद्र शर्मा जी ने इको मित्रम मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अपनी पर्यावरण संरक्षण की रोजमर्रा की आदतों का आकलन करना बताया. सभी ने इस ऐप को डाउनलोड किया और अपना तत्काल प्रमाण पत्र डाउनलोड भी किया. प्रांत की नारी शक्ति संस्थान प्रमुख प्रीति सिंह ने गतिविधि सभी आयामों और कार्य विभागों की आवश्यकता एवं महत्ता की विस्तार से बात सभी को बताई। कार्यक्रम के अंत में शांति अग्रवाल विद्यालय के छात्रों ने एक प्रेरक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर अरविंद परमार, डॉ हरीश भट्ट, डॉ रैना पाल, राजवीर सिंह चौहान, दिनेश कुमार, नीलम खत्री, चित्र गंगवार एवं अन्य प्रतिष्ठित एवं जागरूक नागरिक मौजूद रहे। महानगर संयोजक सुदीप ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी श्रावस्ती कृतिका शर्मा के द्वारा कंपोजिट विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र गिलौला का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच

अरविंद कुमार यादव

श्रावस्ती के गिलौला कंपोजिट विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र का जिलाधिकारी ने किया अवचक निरीक्षण विद्यालय में चल रहे स्मार्ट क्लास मे पहुंचकर शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए विषय से संबंधित बच्चों से प्रश्न भी पूछे और बच्चों की जिज्ञासा को भी जानने की कोशिश की बच्चों को प्यार दुलार के साथ पढ़ने के लिए प्रेरित किया विद्यालय में उपस्थित अध्यापकों को बच्चों के रुचि के हिसाब से पढाने के लिए



किया निर्देशित विद्यालय में बने भोजन की जानकारी के साथ विद्यालय के शौचालय की साफ सफाई पेयजल की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए किया निर्देशित किया वही आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों का कुशल छेम भी जाना बच्चों को गर्म कपड़े पहन कर आने के लिए भी कहा विकासखंड गिलौला के खंड विकास अधिकारी गौरव पुरोहित विद्यालय के प्रधान अध्यापक व आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकयत्र के साथ बच्चे भी वहाँ मौजूद रहे

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# वरिष्ठ अधिवक्ताओं के अनुभवों का लाभ उठाएं युवा - न्यायमूर्ति

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-एटा: उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बार बैंच एक दूसरे के पूरक होते है। न्याय के क्षेत्र में दोनों का तालमेल आवश्यक होता है। जिससे न्यायतंत्र प्रभावी ढंग से काम करते प्रत्येक नागरिक तक सुलभ हो जाता है। कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वकालत फील्ड से अपनी न्यायक्षेत्र में हुई शुरूआत की जानकारी देते हुए कहा कि युवा अधिवक्ताओं को अपने वरिष्ठ अधिवक्ताओं के ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाना चाहिए। अनुभव के माध्यम से आगे बढ़ने के रास्ते प्रशस्त होते हे। कार्यक्रम में उन्होंने अधिवक्ताओं के चेंबरों के लिए आए प्रपोजलों के संबंध में जल्द चैंबरों की व्यवस्था होने के बारे में भी बताया। बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के चैयरमैन शिव कुमार गौड़ व जनपद न्यायाधीश रवींद्र कुमार प्रथम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बार और बैंच के संबधों पर विचार व्यक्त किए। बार के वरिष्ठ अधिवक्ताओं, पदाधिकारियों व युवा अधिवक्ताओं ने उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति के साथ जनपद न्यायाधीश, चेयरमैन बार काउंसिल,प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय अनीता राज, मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिव्यूनल के पीठासीन अधिकारी अहमद उल्ला खां, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी का फूल मालाएं पहनाकर कर स्वागत किया तथा बार अध्यक्ष अशोक कुमार सिकरवार एवं महासचिव गिरीश चंद्र शर्मा ने बुके भेंट किए। वहीं पंकज उपाध्याय ने स्व लिखित पुस्तकें भेंट की। मंच का संचालन केंद्र सरकार के अपर स्थायी शासकीय अधिवक्ता अरुण कुमार उपाध्याय एवं एडवोकेट अमित जौहरी ने किया तथा अध्यक्ष और महासचिव ने आभार जताया। इस मौके पर अलीगंज बार के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, सचिव अनिल अवस्थी, आगरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा, जलेसर बार के अध्यक्ष व सचिव के साथ काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे

# बुंदिया व बतरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल







विकसित भारत संकल्प यात्रा हितग्राहियों तक सीधे पहुंच रही केन्द-राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाएं दतिमा मोड़- केन्द सरकार की जनहितैषी योजनाओं को हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की कार्यक्रम की जा रही है। जिसके अंतर्गत जिले सहित भैयाथान विकासखण्ड में चिन्हित किये गये स्थलों में जिला प्रशासन के पूरे प्रशासनिक अमले ने शिविर स्थल में आमजन को शासन की जनहितैषी योजनाओं से जोड़ने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। रविवार को भैयाथान विकासखंड के ग्राम बुंदिया व बतरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन कर शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिये वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप कार्यक्रम में बड़े स्तर पर भीड़ इकट्ठा हुई थी। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, क्रिसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र इत्यादि सम्मिलित थे। इस कार्यक्रम में आए हुए लोगो द्वारा पंजीयन कराया गया एवं अपने रूची अनुरूप जानकारी ली गई। कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रायपुर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के वक्तव्य से जिले के नागरिक भी जुड़ सके इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के मंच को भी इंटरनेट द्वारा एलईडी के माध्यम से जोड़ा गया था। इस एलईडी के माध्यम से उपस्थित जन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से रूबरू हुए। बुंदिया आयोजित कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा सहित अन्य भी उपस्थित थे उन्होंने विकसित संकल्प भारत यात्रा के उद्देश्य से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने सभी उपस्थित जनो को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल वैन रथ का स्वागत गीत व नृत्य के साथ किया गया। कूली छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े, महामंत्री रमेश गुप्ता, संतलाल प्रजापति, करन सोनवानी, जगरे लाल यादव, अनूप जायसवाल, स्वामी राजवाड़े, एसडीएम सागर सिंह, जनपद सीईओ विनय गुप्ता, सीएमएचओ आरएस सिंह, बीईओ फूलसाय मरावी, जितेंद्र झा व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बड़ागांव में धूमधाम से निकली श्री राम बारात शोभायात्रा

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



